भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +980
सोमवार, 8 फरवरी, 2021/19 माघ, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

करनाल-पानीपत में प्राचीन ऐतिहासिक स्थलों का विकास

+980. श्री संजय भाटिया:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का हरियाणा के करनाल-पानीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध समृद्ध इतिहास को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में स्थित प्राचीन ऐतिहासिक स्थलों और स्मारकों को विशेष स्थलों के रूप में विकसित करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार की उक्त क्षेत्र में पर्यटन का विकास करने के संबंध में विस्तृत कार्य योजना क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): पर्यटन का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है तथापि पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन तथा तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन तथा पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त आदि पर इन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाती है।

हरियाणा राज्य में स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है :

क्र. सं.	**योजना**	**परियोजना का नाम/वर्ष**	**स्वीकृत राशि करोड रु. में**
1	स्वदेश दर्शन	कृष्ण परिपथ थीम के अंतर्गत वर्ष 2016-17 में कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर, सनहित सरोवर, नरकटारी, ज्योतिसर में पर्यटन अवसंरचना का विकास	97.35
2	प्रशाद योजना	वर्ष 2019-20 में पंचकूला जिले में नाडा साहिब गुरुद्वारे तथा माता मनसा देवी मंदिर के विकास को स्वीकृति दी गई।	49.52

*****